भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 1373

(जिसका उत्तर सोमवार, 28 जुलाई, 2025/6 श्रावण, 1947 (शक) को दिया जाना है)

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए पीएमआईएस के अंतर्गत समान अवसर

1373. श्री बिप्लब कुमार देबः

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के अंतर्गत राज्य-वार प्रस्तावित और स्वीकृत इंटर्नशिप का आंकड़ा क्या है;
(ख) उक्त योजना के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं को इंटर्नशिप के समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;
(ग) कौशल विकास और रोजगार में क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने में इस योजना का क्या प्रभाव है;
(घ) इस योजना के माध्यम से प्राप्त कौशल संवर्धन की प्रभावशीलता की निगरानी के लिए मौजूद तंत्र का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) प्रशिक्षुओं की गुणवत्ता और उक्त योजना की चयन प्रक्रिया में सुधार पर इसके प्रभाव के संबंध में भाग लेने वाली कंपनियों से क्या फीडबैक प्राप्त हुआ है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क): बजट 2024-25 में घोषित प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का उद्देश्य पाँच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत के रूप में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 3 अक्टूबर, 2024 को योजना का एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसमें एक वर्ष में 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

3 अक्टूबर, 2024 से शुरू हुए पायलट प्रोजेक्ट के पहले दौर में, देश के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 745 जिलों में भागीदार कंपनियों द्वारा 1.27 लाख से अधिक इंटर्नशिप अवसर पोस्ट किए गए। इनमें से 1.81 लाख से अधिक आवेदकों से लगभग 6.21 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। प्रस्तावित इंटर्नशिप अवसरों में कंपनियों द्वारा मांगी गई आवश्यकताओं और आवेदकों की योग्यता के आधार पर, पायलट प्रोजेक्ट के पहले दौर में, भागीदार कंपनियों ने 82000 से अधिक इंटर्नशिप प्रस्ताव दिए, जिनमें से 28000 से अधिक उम्मीदवारों ने इंटर्नशिप में शामिल होने के प्रस्ताव स्वीकार किए।

9 जनवरी, 2025 को शुरू हुए पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के दूसरे दौर में, लगभग 327 भागीदार कंपनियों ने देश के 735 जिलों में 1.18 लाख से अधिक इंटर्नशिप अवसर (पिछले दौर के नए और संपादित अपूरित अवसर) पोस्ट किए हैं। इस दौर में 2.14 लाख से अधिक आवेदकों से 4.55 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। 23.07.2025 तक, भागीदार कंपनियों ने युवाओं को 72000 से अधिक ऑफर दिए हैं और 22800 से अधिक ऑफर स्वीकार किए गए हैं। वर्तमान में, प्रस्तावों को शुरू करने और इंटर्न द्वारा स्वीकृति/कार्यभार ग्रहण करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

पीएमआईएस पायलट प्रोजेक्ट के पहले और दूसरे दौर में कंपनियों द्वारा पोस्ट किए गए इंटर्नशिप अवसरों की संख्या और युवाओं को किए गए प्रस्तावों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) और (ग): पीएमआईएस पोर्टल, जो शुरू से अंत तक योजना के कार्यान्वयन और प्रबंधन के लिए एक केंद्रीकृत मंच के रूप में कार्य करता है, देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों से समावेशिता बढ़ाने के लिए 12 विभिन्न भाषाओं में सुलभ है। पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के दिशानिर्देशों के अनुसार, देश के सभी हिस्सों से प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर उम्मीदवारों का एक पूल, पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक इंटर्नशिप अवसर के लिए, उस इंटर्नशिप अवसर के लिए कंपनी द्वारा मांगी गई योग्यता के साथ आवेदकों की योग्यता का मिलान करके शॉर्टलिस्ट किया जाता है। शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया का उद्देश्य संबंधित कंपनी को उनकी संबंधित प्रक्रियाओं और मानदंड के अनुसार आगे चयन के लिए भेजी गई शॉर्टलिस्ट में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों के साथ-साथ विकलांग व्यक्तियों को प्रतिनिधित्व प्रदान करके इंटर्नशिप कार्यक्रम में विविधता और सामाजिक समावेशिता को बढ़ावा देना है।

इसके अतिरिक्त, कारपोरेट कार्य मंत्रालय योजना के प्रचार और कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों, केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों, उद्योग और उद्योग संघों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है। मंत्रालय देश भर में लक्षित समूहों तक पहुंचने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार कार्यकलाप भी कर रहा है।

(घ): पायलट प्रोजेक्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार, पायलट प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन के दौरान परिणामों का पता लगाने के साथ-साथ सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक समवर्ती निगरानी, मूल्यांकन और अध्ययन (एमईएल) ढांचा उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त, कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) योजना को लागू किए जाने के दौरान इसके प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए विभिन्न हितधारकों से फीडबैक एकत्र कर रहा है।

(ङ): पायलट प्रोजेक्ट के दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि कंपनियां आवधिक आधार पर अभ्यर्थियों का मूल्यांकन करने के लिए अपने स्वयं के तंत्र का अनुसरण करेंगी और अपनी नीतियों के अनुसार इंटर्न के निष्पादन और आचरण का निरंतर मूल्यांकन करेंगी। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थियों की त्रैमासिक मूल्यांकन रिपोर्ट कंपनी द्वारा पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

*****

अनुलग्नक

दिनांक 28.07.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1373 भाग (क) का अनुलग्नक-I

पीएमआईएस पायलट प्रोजेक्ट के पहले और दूसरे दौर में कंपनियों द्वारा पोस्ट किए गए इंटर्नशिप अवसरों की संख्या और युवाओं को किए गए प्रस्तावों की संख्या का राज्यवार विवरण

क्रम संख्या	आवेदकों की स्थिति	पहले दौर में अवसरों की संख्या	किए गए प्रस्तावों की संख्या	दूसरे दौर में अवसरों की संख्या	किए गए प्रस्तावों की संख्या
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	12	20	9	8
2.	आंध्र प्रदेश	4973	6164	4715	9172
3.	अरुणाचल प्रदेश	156	29	227	17
4.	असम	3457	3843	2516	1955
5.	बिहार	2802	5668	2316	4558
6.	चंडीगढ़	523	117	406	53
7.	छत्तीसगढ़	3334	2284	3399	3328
8.	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	232	40	204	19
9.	दिल्ली	2470	2698	2048	1143
10.	गोवा	1017	28	848	48
11.	गुजरात	11690	4541	11672	2610
12.	हरियाणा	7764	5990	5646	1614
13.	हिमाचल प्रदेश	1254	929	1414	383
14.	जम्मू और कश्मीर	761	769	533	835
15.	झारखंड	3535	2699	2586	1392
16.	कर्नाटक	10022	3098	9928	2210
17.	केरल	2807	1938	3251	1543
18.	लद्दाख	72	34	60	8
19.	लक्षद्वीप	2	-		0
20.	मध्य प्रदेश	5627	6244	5220	8102
21.	महाराष्ट्र	13664	3718	15187	5051
22.	मणिपुर	73	71	67	32
23.	मेघालय	55	45	114	46
24.	मिजोरम	25	5	49	3
25.	नागालैंड	45	58	86	38
26.	ओडिशा	5142	3267	3449	5919
27.	पुडुचेरी	310	105	409	38
28.	पंजाब	2314	742	2297	2000
29.	राजस्थान	4653	4314	4839	5567
30.	सिक्किम	254	15	223	23
31.	तमिलनाडु	14585	2347	15785	1762
32.	तेलंगाना	7913	4439	5357	3568
33.	त्रिपुरा	395	200	383	758
34.	उत्तर प्रदेश	9027	11563	7714	6324
35.	उत्तराखंड	1966	622	1561	361
36.	पश्चिम बंगाल	4577	3433	4428	2112
	कुल योग	**127508**	**82,077***	**118948**	**72600***

* पीएमआईएस पायलट-प्रोजेक्ट के दिशानिर्देशों के अनुसार, अभ्यर्थी को दो प्रस्ताव मिल सकते हैं।

*****